आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 28.04.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री-राजनाथ मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ नई दिल्ली में बैठक की। लगभग 40 मिनट तक चली यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद की स्थिति को लेकर हुई। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने भी कल राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की थी

राष्ट्रपति-पद्म पुस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में नागरिक सम्मान समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। पहले चरण में 71 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से अलंकृत किया जा रहा है। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री में दिये जाते हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी। जिसमें सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं।

बाल विवाह मुक्त अभियान

प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन कड़े कदम उठा रहा है। महिला और बाल विकास विभाग ने अक्षय तृतीया के मौके पर विशेष व्यवस्था की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीष सेठ ने बताया कि जिले में 13 कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

एकात्मक पर्व

संस्कृति विभाग द्वारा आज आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, ओंकारेश्वर में आज से 2 मई तक पांच दिवसीय एकात्म पर्व का आयोजन किया जा रहा है। यह पर्व आचार्य शंकर के प्रकटोत्सव के अवसर पर एकात्म धाम में किया जा रहा है। पर्व के दौरान आचार्य शंकर के स्तोत्रों का गायन, वैदिक अनुष्ठान, अद्वैत लोक प्रदर्शनी और वेदांत-विज्ञान विषयक परिचर्चाएँ की जाएंगी। आयोजन में जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, इस्कॉन के गौरांग दास प्रभु के साथ ही विभिन्न सत्रों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी आदि शामिल होंगे।

सड़क दुर्घटना

प्रदेश में आज दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मृत्यु हो गयी और एक दर्जन से ज्यादा घायल हो गए. पहली घटना धार जिले के तिरला थाना के अंतर्गत इंदौर - अहमदाबाद मार्ग पर हुई जिसमें चार लोगों की मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार कार में सवार युवक झाबुआ से धार एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए आ रहे थे। मृतकों के शवों को धार चिकित्सालय पीएम के लिए लाया गया है।

वहीँ, खरगोन जिला मुख्यालय पर कोतवाली थाना क्षेत्र के टेमला रोड पर आज नगर पालिका का सफाई वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से एक सफाईकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। दर्दनाक हादसे में 12 महिला और पुरुष सफाई कर्मी घायल हो गये।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है लेकिन बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्रदेश में अगले चार दिन तक बारिश और आंधी की संभावना है।

आज जबलपुर समेत 11 जिलों में ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान कई जिलों में लू का भी अलर्ट है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में गर्मी का असर देखने को मिलेगा।

समाचार संक्षेप में...

1. शिवपुरी जिले में कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के तहत जिले में पीएम जनमन आवास, आवास प्लस निर्माण सहित सामुदायिक भवन आदि की समीक्षा की.

2. कटनी जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं पर अमल में लापरवाही के कारण जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने 28 पर्यवेक्षकों को कारण बताओ नोटिस और 118 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवा समाप्त करने का नोटिस जारी किया है।

3. शहडोल जिले में कल आई आंधी-तूफान से कई घरों को नुकसान पहुंचा और सैकड़ो पेड़ गिर गए हैं। बिजली सप्लाई बाधित हुई।

नमस्कार